C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ





सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:19 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 6:34 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 131 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 12 नवम्बर 2025

मंगलवार को बढ़ी 'हक' और 'जटाधरा'...पेज-3 पर

# अधिवक्ताओं का विरोध-प्रदर्शन जारी, आज से काम भी ठप रखने का निर्णय

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

राजधानी दून में अधिवक्ताओं का धरना जारी है। बार एसोसिएशन ने आज से काम भी ठप रखने का निर्णय लिया है। अधिवक्ता रैन बसेरा प्रस्ताव रद्द करके चैंबर के लिए भूमि देने की मांग कर रहे हैं।

पुरानी जिला जज अदालत के सिविल परिसर में रैन बसेरा बनाए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ जिले के अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी है। अधिवक्ताओं ने मंगलवार को हरिद्वार रोड दो घंटे जाम रखी। वहीं आज बुधवार को तीन घंटे चक्का जाम किया।



बार एसोसिएशन देहरादून की ओर से कहा गया है कि जब तक प्रशासन उन्हें अनसुना करता रहेगा वह प्रदर्शन का समय बढ़ाते रहेंगे। प्रदर्शन के चलते अब कामकाज भी ठप रखने का फैसला लिया गया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने कहा कि प्रदर्शन के चलते दोपहर 1:30 बजे तक बस्ते, टाइपिंग, स्टांप बिक्री समेत अन्य कार्य पूरी तरह बंद रहेंगे। वकीलों की मांग है कि रैन बसेरा का प्रस्ताव रद्द करके उसी जगह चेंबर निर्माण के लिए भूमि दी जाए। इस मांग के साथ सैकड़ों वकीलों ने हरिद्वार रोड पर सुबह करीब 10:30 से 12:30 बजे तक चक्का जाम रखा जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित रही। पुलिस को रूट डायवर्ट करना पड़ा। बड़ी संख्या में वकील सड़क पर बैठे थे जिन्हें कई वकील नेताओं ने संबोधित किया। बार एसोसिएशन के सचिव राजबीर बिष्ट ने कहा कि सांकेतिक धरना-प्रदर्शन का समय लगातार बढ़ाया जा रहा है। पहले दिन एक घंटे, दूसरे दिन दो घंटे और तीसरे दिन तीन घंटे चक्का जाम रखा जाएगा। दूसरे दिन के प्रदर्शन में उनसे किसी प्रशासनिक अधिकारी ने संपर्क नहीं किया।

## News कॉर्नर

### बीएलएम के तनिष्क प्रांजल और अध्ययन ने जीता स्वर्ण पदक



**हल्द्वानी।** बीएलएम एकेडमी पदमपुर देवलिया के युवा योग एथलीट अध्ययन कुमार, तनिष्क लोशाली और प्रांजल शर्मा ने 9 नवंबर, 2025 को हरियाणा के पलवल में आयोजित 40वीं अखिल भारतीय राष्ट्रीय ओपन योगासन चैम्पियनशिप के ग्रुप आर्टिस्टिक योग इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्रबंधक साकेत अग्रवाल , सौम्या अग्रवाल, प्रधानाचार्या डा. गायत्री कवर और कोच योगाचार्य हेमंत जोशी समेत विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पर्यटक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नैनीताल ।** नगर के समीपवर्ती पंगोट क्षेत्र में घूमने पहुंचे पर्यटक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कर शव स्वजनों को सौप दिया है। जानकारी के मुताबिक दयालबाग फ रीदाबाद हरियाणा निवासी 68 वर्षीय दीपक कुमार कन्नौजिया घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। यहां वह पंगोट क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। सोमवार देर रात अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। सुबह तड़के स्वजन उन्हें लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मृतक के बेटे से पूछताछ में पता लगा है कि मृतक को शुगर व बलडप्रेशर की समस्या थी जिनका स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा था। बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हृदयघात का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा।

**जो वोट प्रतिशत में पीछे, उसकी सीटें अधिक**

# बिहारः निगाहें एग्जिट पोल पर महागठबंधन में कांटे की टक्कर

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

बिहार में विधानसभा चुनाव की वोटिंग के बाद सभी की निगाहें एग्जिट पोल पर रही। करीब 12 एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए को बहुमत मिलता दिखा। इस एग्जिट पोल में एनडीए महागठबंधन में कांटे की टक्कर, जो वोट प्रतिशत में पीछे, उसकी सीटें अधिक है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में मंगलवार को गया जी जिले के सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ।

जिले के किसी भी क्षेत्र से किसी अप्रिय घटना या गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध होकर पहुंचे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि मंगलवार को हुए द्वितीय चरण के मतदान में जिले के 10 विधानसभा क्षेत्रों में 68.64त्न मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



### तेजस्वी बोले- लिख लो, 14 नवंबर को मैं बनूंगा मुख्यमंत्री

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी एग्जिट पोल भले ही अलग-अलग नतीजे दिखा रहे हों, लेकिन महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरा तेजस्वी यादव ने सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने इस बार पूरी मजबूती से बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है। तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, बिहार की जनता का आशीर्वाद हमें मिल चुका है। आप लोग मेरी बात लिख लीजिए, 14 नवंबर को मैं मुख्यमंत्री बनने जा रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि इस बार लोगों का उत्साह और समर्थन 1995 से भी बेहतर देखने को मिला है। जनता ने भारी मतदान कर मौजूदा सरकार के खिलाफ वोट दिया है। यह जनता का स्पष्ट जनादेश है कि अब बिहार में बदलाव तय है।

# कवरेज के दौरान पत्रकार से मारपीट, अस्पताल में भर्ती अवैध निर्माण पूरी तरह ध्वस्त

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**

- **घटना के बाद पूरे प्रदेश के पत्रकारों में आक्रोश**

ऊंचापुल क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण को प्रशासन की टीम ने बुधवार तड़के ध्वस्त कर दिया कवरेज के दौरान पत्रकार दीपक अधिकारी पर हुए हमले के बाद ये कार्रवाई की है

गौरतलब है कि बीती शाम पूर्व पत्रकार दीपक अधिकारी ने नहर पर हो रहे अतिक्रमण की कवरेज कर प्रशासन का ध्यान इस अवैध निर्माण की ओर आकर्षित किया था। इसी दौरान क्षेत्र के दबंग लोगों ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दीपक चन्द्र अधिकारी ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उन्हें सजा दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमलावर पुलिस की हिरासत में हैं। घटना के बाद पूरे प्रदेश के पत्रकारों में गहरा आक्रोश है। पत्रकारों ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रशासन ने भी मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।



# लामाचौड़ में 34 पव्वे अवैध कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**

- **महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा**

पुलिस ने लामाचौड़ क्षेत्र में अवैध शराब बेचने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक 70 वर्षीय महिला को 34 पाउच) अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

लामाचौड़ चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। टीम जब लामाचौड़ चौराहे के पास कमाण्डो रेस्टोरेंट की ओर पहुँची, तो मुखबिर खास ने सूचना दी कि आगे झोपड़ियों के पास एक महिला दुकान के आगे कच्ची शराब बेच रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक बुजुर्ग महिला एक व्यक्ति को सफेद पारदर्शी पाउच में भरा द्रव्य पदार्थ देती दिखाई दी। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भाग गया, जबकि महिला को मौके पर रोक लिया गया। महिला की झोपड़ी की तलाशी लेने पर 34 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ में महिला ने अपना नाम फूलवती पत्नी स्वर्गीय रामकुमार, निवासी नाथूपुर पाड़ली, लामाचौड़, थाना मुखानी, बताया। पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रुद्रपुर नगर निगम को करोड़ों की विकास योजनाओं के लिए मिली मंजूरी

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

शहर को स्मार्ट सिटी के स्वरूप में विकसित करने की दिशा में महापौर विकास शर्मा द्वारा किये जा रहे प्रयास रंग ला रहे है, इसी के तहत रूद्रपुर नगर निगम को एक बार फिर सफलता मिली है। शहरी विकास विभाग के सचिव नितेश कुमार झा की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित बैठक में रूद्रपुर नगर निगम से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी गई है। शासन ने पार्क, सड़कों, नालों, पुलियों और फुटपाथों के निर्माण के साथ-साथ खेल और जनकल्याण से जुड़ी करीब 32 करोड़ की परियोजनाओं पर भी मुहर लगा दी है। देहरादून से लौटकर पत्रकारों से बातचीत में महापौर ने बताया कि शहरी विकास वि भाग की बैठक में रूद्रपुर नगर निगम के अंतर्गत भेजे गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि शासन



ने शहर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएफ योजना के अंतर्गत 479.34 लाख रुपये की लागत से अटरिया नाला कवरिंग कार्य फेज-1, 211.90 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 22 में परशुपाल के घर से कटोरी मंदिर होते हुए गुरुद्वारा रोड तक सीसी रोड एवं दोनों ओर नाली निर्माण कार्य, 367.27 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 38 में रिंग रोड पॉल फोर्ड से बृहस्पति देव मंदिर तक सड़क के दोनों ओर नाला व पुलिया निर्माण तथा 369.13 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 28 में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अतिक्रमण हटने के बाद मुख्य बाजार क्षेत्र में नाली, सड़क और फुटपाथ निर्माण की मंजूरी मिली है।नगर निगम के नए भवन के लिए 15.74 करोड़ की स्वीकृति भी मिल गई है। इसके अलावा ट्रांजिट कैंप में स्वीकृत रजत जयंती पार्क के लिए भी बजट स्वीकृत हो गया है।शासन ने रूद्रपुर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी है। यह कॉम्प्लेक्स किच्छा रोड पर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए डॉग शेल्टर हाउस निर्माण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली है। यह शेल्टर हाउस उत्तराखंड के निकायों का पहला आधुनिक शेल्टर हाउस होगा। इसे मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। दोनों परियोजनाओं के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर शासन को विस्तृत ड्राफ्ट भेजा जाएगा।

स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण से जहां खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। वहीं डॉग शेल्टर हाउस खुलने से शहर में आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में शहर में तीन नए वेंडिंग जोन खोले जाने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे सड़कों से ठेले हटाकर शहर को ठेली मुक्त किया जा सकेगा और छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित स्थानों पर कारोबार करने की सुविधा मिलेगी। सीएम धामी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से रुद्रपुर के विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है।

# अभिमत



## सवाल पर सवाल?

*योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए 25 वर्ष कम नहीं होते हैं। उत्तराखंड राज्य अब युवा हो गया है। नौ नवंबर, 2000 के बाद जन्म लेने वाले लाखों बच्चे अब युवा हो चुके हैं। राज्य की रजत जयंती पर राज्य के लोग खुद से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि आंदोलनकारियों की अवधारणा को क्या युवा राज्य मूर्तरूप दे सका है? दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उत्तराखंड में शासन करने वाले नेता और कार्यकर्ता खुद से यह सवाल पूछें कि पर्वतीय क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हुआ या नहीं? रोजी-रोटी के लिए युवाओं का पलायन रुका या नहीं? इन सवालों का जवाब राज्य का हर व्यक्ति पूछ रहा है।*

उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस इस साल विशेष रहा, क्योंकि राज्य 25 साल पूरे करके रजत जयंती मना रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सालभर पहले 'देवभूमि रजतोत्सव' की शुरूआत नई दिल्ली में उत्तराखंड सदन में की थी। दिल्ली में रहने वाले और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्तराखंड मूल के अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रवासियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। उत्तराखंड राज्य गठन की रजत जयंती पर उपलब्धियों का उल्लेख करना उचित है, इसी के साथ पृथक पर्वतीय राज्य के गठन के उद्देश्यों की समीक्षा जरूर की जानी चाहिए। पर्वतीय क्षेत्र के पिछड़ा होने के कारण ही अलग राज्य की मांग के लिए वर्षों तक आंदोलन किया गया। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए 25 वर्ष कम नहीं होते हैं। उत्तराखंड राज्य अब युवा हो गया है। नौ नवंबर, 2000 के बाद जन्म लेने वाले लाखों बच्चे अब युवा हो चुके हैं। आंदोलनकारियों की अवधारणा को क्या युवा राज्य मूर्तरूप दे सका है? दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उत्तराखंड में शासन करने वाले नेता और कार्यकर्ता खुद से यह सवाल पूछें कि पर्वतीय क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हुआ या नहीं? रोजी-रोटी के लिए युवाओं का पलायन रुका या नहीं? इन सवालों का जवाब उत्तराखंड का हर व्यक्ति पूछ रहा है। यह जरूर है कि राज्य की तस्वीर में बदलाव हुआ है। नौकरशाही व राजनीति से जुड़े लोगों का विकास हुआ है। कटु सत्य यह है कि उत्तराखंड के जनमानस का आशा के अनुरूप विकास नहीं हुआ। पृथक राज्य उत्तराखंड के लिए आंदोलन किसी राजनीतिक दल ने नहीं किया था। आंदोलन में बच्चे से लेकर वृद्ध, रोजगार से जुड़ी महिलाओं से लेकर गृहिणी, छात्र-छात्राएं, पूर्व सैनिक, व्यापारी, निजी क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। लम्बे अर्से तक कर्फ्यू लगाना पड़ा था। गोली कांड में कई लोगों की जान तक गई। जनआंदोलन का रूप लेने पर केन्द्र सरकार को पृथक राज्य गठन के लिए मजबूर होना पड़ा। राज्य में देश के बड़े उद्योग समूहों ने इकाइयां स्थापित कीं। तराई में औद्योगिक आस्थान स्थापित होने से लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार मिला। उद्योगों में रोजगार करने के लिए पर्वतीय क्षेत्र के युवाओं को पलायन करना पड़ा। पलायन से पर्वतीय क्षेत्र और अधिक बदहाल हो गया। पिछड़े पहाड़ के विकास की अवधारणा पूरी नहीं हुई।

# नैनीताल हाईकोर्ट में चार दिनी इंडोर गेम प्रतियोगिताएं शुरु

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड राज्य व उत्तराखंड हाईकोर्ट की स्थापना के रजत जयंती समारोह के क्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित चार द्विवसीय इंडोर गेम प्रतियोगिताओं का मंगलवार की सुबह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र ने अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में किया ।

इस मौके पर मुखय न्यायधीश ने अधिवक्ताओं तथा न्यायिक अधिकारियों व आम जनता को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी । उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में राज्य ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है। वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने राज्य स्थापना की रजत जयंती पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की । न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर राज्य की मांग उठी थी उन लक्ष्यों की पूर्ति के लिये हर संस्था व वर्ग को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इस मौके पर न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित समेत न्यायमूर्ति आशीष नैथानी,न्यायमूर्ति आलोक महरा व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय भी समारोह में मौजूद थे । इससे पूर्व मुख्य न्यायधीश व अन्य न्यायधीशों ने टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन व शतरंज तथा कैरम आदि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया । उन्होंने स्वयं भी इन सभी खेलों में हाथ आजमाए और सभी खिलाडियों से खेल भावना का सम्मान करने की अपील की । बता दें यह सभी प्रतियोगिताएं हाईकोर्ट में मुखय न्यायधीश बलॉक के अलावा उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी में भी होंगे। रजत जयंती वर्ष के क्रम में बुधवार (आज) को हाईकोर्ट में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जारी रहेगी साथ ही हाईकोर्ट में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा जबकि 13 नवंबर को खेल प्रतियोगिताओं के अलावा मंगोली में वृहद पौधरोपण होगा जबकि 14 नवंबर को खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सममानित किया जाएगा। खेल प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, सालसा के सदस्य सचिव प्रदीप मणि, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, पूर्व अध्यक्ष एम सी पन्त, ललित बेलवाल, प्रभाकर जोशी, भुवनेश जोशी, कमलेश तिवारी,डी के जोशी, सिद्धार्थ साह, के पी उपाध्याय सहित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य सहित न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे ।

**शुभारंभ**

- **प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र ने अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में किया**

## नकुल साह व नंदिनी ने जीती वाद विवाद प्रतियोगिता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की टीम में शामिल नकुल साह देव तथा नंदिनी ने उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर श्री देव सुमन विश्वविधालय में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया साथ ही 11 हजार रुपया पुरस्कार जीता। पुरस्कार वितरण विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने किया तथा इस अवसर पर कुलसचिव दिनेश चंद्र सहित अन्य अतिथि शामिल रहे ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम देवकी कुवार्बी से बदलकर देवकी राणा रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे देवकी राणा नाम से जाना पहचाना जाये।- **देवकी राणा पत्नी श्री भगवान सिंह राणा, देवी निवास चौधरी कालौनी, गौजाजाली उत्तर, पो0 इन्द्रानगर, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड)- 263139**

# अभिविन्यास कार्यक्रम दूरस्थ शिक्षा की बारीकियों को समझाने में मददगार साबित:प्रो. विनय

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




जिले के शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र की ओर से जुलाई 2025 सत्र में पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए ओरिएंटेशन (अभिविन्यास) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने शिक्षार्थियों से कहा कि अभिविन्यास कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान और छात्र एक दूसरे से परिचित होकर दूरस्थ शिक्षा की बारीकियों को समझते हुए भावी भूमिका के लिए तैयार होते हैं साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के अध्ययन केंद्र के साथ साथ परीक्षा केंद्र बनने की सूचना भी साझा की।

अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. जयती दीक्षित ने कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी का प्रयोग करते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मुहैया जानकारी को साझा किया साथ ही शिक्षार्थियों को काउंसलिंग, असाइनमेंट प्रवेश ई-एसएलएम तथा परीक्षा आदि के बारे में बताया। डॉ दीपक ने परीक्षा पैटर्न एवं ग्रेडिंग सिस्टम को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जयति दीक्षित ने किया। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के शिक्षार्थी महिमा गोस्वामी, नवीन नाथ, उमेश जोशी तथा ममता आदि उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## मंगलवार को बढ़ी 'हक' और 'जटाधरा' की कमाई में मामूली बढ़त



*इन दिनों सिनेमाघरों में दिखाई जा रही फिल्में औसत प्रदर्शन करती नजर आ रही हैं। हालांकि बीते दिन मंगलवार को कुछ फिल्मों में मामूली बढ़त देखने को मिली है। वहीं कुछ के कलेक्शन में गिरावट भी आई है। मंगलवार का दिन बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों के लिए शुभ संकेत लेकर आया। वहीं कुछ में गिरावट देखने को मिली है। हक की कमाई में एकबार फिर से उछाल देखने को मिला है। वहीं जटाधरा, प्रेडेटर बैडलैंड्स और द गर्लफ्रेंड के कलेक्शन में भी मामूली बढ़त देखने को मिली है। यामी गौतम और इमरान हाशमी की फिल्म हक ने बॉक्स ऑफिस पर 1.75 करोड़ रुपये से शुरुआत की थी। इसके बाद फिल्म के कलेक्शन में कुछ बढ़त देखने को मिली थी। लेकिन वीकएंड के बाद फिल्म की कमाई में गिरावट आई थी। बीते दिन मंगलवार को फिल्म ने 1.25 करोड़ रुपये कमाए, जबकि इसने सोमवार को 1.05 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म हक ने अभी तक पांच दिनों में कुल 11.25 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है।*

*सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत 'जटाधरा' शुरुआती दिनों से बॉक्स ऑफिस पर कमजोर पड़ती नजर आई। फिल्म ने बीते दिन मंगलवार को 60 लाख रुपये कमाए थे। वहीं इसने सोमवार को 55 लाख रुपये कमाए थे। जटाधरा ने अभी तक 5 दिनों में कुल 4.54 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक जायसवाल ने किया है।*

### सशक्त कलाकार नजर आए

*इसके अलावा फिल्म में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के साथ शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णन, रवि प्रकाश, राजीव कनकला और सुभलेखा सुधाकर जैसे सशक्त कलाकार नजर आए हैं। हॉलीवुड फिल्म प्रेडेटर बैडलैंड्स भी 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 2.25 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं फिल्म ने मंगलवार को 81 लाख रुपये कमाए थे, जबकि सोमवार को इसने 79 लाख रुपये कमाए थे।*

# हल्द्वानी के दो युवा क्रिकेटरों का अंडर-19 ए इंडिया टीम में चयन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**





महानगर के युवा क्रिकेटर आदित्य रावत और लक्ष्य राय चंदानी का चयन भारत की अंडर-19 ए टीम में हुआ,लक्ष्य राय ये वर्तमान में हैदराबाद में प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रहे है,जबकि आदित्य काशीपुर में कैम्प में हिस्सा ले रहे है।

दोनों खिलाड़ी बैंगलोर में ए और बी टीम के अलावा तीसरी टीम अफगानिस्तान के मध्य होने वाली 17 नवंबर से 30 नवंबर तक त्रिकोणीय सीरीज में भाग लेंगे तेज गेंदबाज आदित्य रावत भारत की अंडर -19 टीम का हिस्सा रह चुके है,जबकि लक्ष्य राज चंदानी सलामी बल्लेबाज के साथ स्पिन गेंदबाज भी है और गत वर्ष देश में 19 ग्रुप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रह चुके है,दोनों खिलाड़ी हल्द्वानी कमलवागांजा स्थित जी एन जी क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रहे है,और हल्द्वानी के डी ए वी स्कूल से इंटर की पढ़ाई पूरी कर चुके है,इन दोनों के चयन होने पर उनके कोच अभिषेक कुमार काफी गदगद है उन्हें आशा जताई कि दोनों एक दिन भारतीय टीम का हिस्सा होंगे,इनके टीम में चयन होने पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष दीपक मेहरा सचिव किरण वर्मा जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै,जी एन जी क्रिकेट एकेडमी के कोच अभिषेक कुमार और जी एन जी एकेडमी की निदेशक पूजा कांडपाल ने आदित्य के पिता दिलीप रावत ने इनके चयन होने पर खुशी जताई है।

## News कॉर्नर

### दिल्ली में शॉपिंग के लिए गया गदरपुर निवासी हर्षित भी घायल,अस्पताल में भर्ती

**रुद्रपुर।** सोमवार को दिल्ली में लाल किले के पास हुए आतंकी धमाके में एक दर्जन लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग घायल हो गए थे। घायलों में जनपद ऊधम सिंह नगर के गदरपुर निवासी 28 वर्षीय हर्षित सेतिया भी घायल हो गया है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना पर उसके परिवार अन्य भी दिल्ली पहुंच गए। बताया जा रहा है कि हर्षित शादी की शॉपिंग के लिए परिवार के साथ दिल्ली गए थे ।इस दौरान लाल किले के पास धमाका हुआ जिसमें वह भी घायल हो गए। उसके के घायल होने की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में हर्षित लेकर चिंता व्याप्त हो गई। हालांकि बाद में परिजनों को जानकारी मिली कि हर्षित दिल्ली के एलएनजीपी अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। हर्षित ख़तरे से बाहर है। इस सूचना के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। हर्षित दादा हरनाम सेतिया ने बताया कि हर्षित के पिता दिल्ली रवाना हो गए है।

### 14.48 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** थाना बनभूलपुरा पुलिस ने इन्द्रानगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 14.48 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग ड्यूटी पर थी। पुलिस टीम जब गौला पुल पिकेट से बाईपास रोड होते हुए इन्द्रानगर फाटक तिराहे स्थित पुलिस बूथ के पास पहुँची, तो वहां एक संदिग्ध व्यक्ति घोड़ा-बुग्गी स्टैंड की ओर से आते हुए पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने उसे रोक लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मौ. आमिर पुत्र मौ0 आरिफ, निवासी काबुल का बगीचा, इन्द्रानगर बताया। तलाशी के दौरान उसकी जैकेट की जेब से 14.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# अवैध शराब के कारोबार करने वालों पर आबकारी विभाग की निरंतर कार्रवाई

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

जिले में ड्रग्स फ्री देवभूमिय् अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग अवैध शराब के खिलाफ निरंतर कार्रवाई कर रहा है।

ट्रांजिट थाना क्षेत्र में परशुराम चौक पर की गई अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान अवैध शराब की उपस्थिति सामने आई थी, जिसे लेकर जनमानस में गंभीर चिंता व्यक्त की गई। जनभावना को गंभीरता से लेते हुए आबकारी विभाग ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में कुछ स्थलों और व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर रणनीतिक कार्रवाई करने की नीति बनाई। इसी क्रम में आबकारी आयुक्त के निर्देशन में सोनू सिंह, आबकारी निरीक्षक रुद्रपुर के नेतृत्व में जनपदीय परिवर्तन दल और क्षेत्रीय टीम ने ट्रांजिट थाना क्षेत्र में छापेमारी की।टीम ने सबसे पहले हरीश थापा उर्फ कांचा नामक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर उसके आठ को चिन्हित कर जी



ब्लॉक, परशुराम चौक स्थित एक आवासीय परिसर में छापेमारी की। इस दौरान मौके से 350 पाउच और 100 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। छापेमारी में अभियुक्त निर्मल, पुत्र मन बहादुर, निवासी वार्ड नंबर 3, जी ब्लॉक, परशुराम चौक को गिरफ्तार किया गया।इसके अतिरिक्त, कल सामने आए प्रकरण में मोंटू राय नामक व्यक्ति के पुत्र आलोक राय को मौके से 50 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में उत्तराऽंड आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई और विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।आबकारी विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि वह जनसहयोग, सूचना और जनभावना को प्राथमिकता देते हुए आवश्यकतानुसार चिन्हीकरण कर कार्रवाई सुनिश्चित करता रहेगा। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# इंटर स्कूल क्रॉस सिल्वर प्रतियोगिता में ओवरऑल तृतीय स्थान हासिल किया पीपीजे ने

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार ने इंटर स्कूल क्रॉस सिल्वर प्रतियोगिता में ओवरऑल तृतीय स्थान हासिल किया

स्कूल प्रबंधन के मुताबिक सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में आयोजित इंटर स्कूल क्रॉस सिल्वर (डायमंड जुबली 60 वर्ष की उत्कृष्टता) प्रतियोगिता में पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का सफ ल आयोजन ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग की पाँच दौड़ श्रेणियों में विद्यालय के धावक यशराज (कक्षा 8) ने शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दूसरी ओर संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने यशराज की इस अहम कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने जिस अनुशासन व परिश्रम और खेल भावना का परिचय दिया है वह सराहनीय है। इंटर स्कूल स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त करना हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यशराज सहित सभी प्रतिभागियों ने जो प्रदर्शन किया है वह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मैं समस्त खिलाडियों तथा प्रशिक्षक विक्रांत चौधरी को इस कामयाबी के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।



# युवती से दुष्कर्म के आरोपी को आज सुनाई जाएगी सजा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल की अदालत ने दिल्ली निवासी एक युवक को शादी का झांसा देकर हल्द्वानी की एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का दोषी ठहराया है । जिसे अब बुधवार (आज)सजा सुनाई जाएगी ।

अभियोजन पक्ष के अनुसार बनभूलपुरा थाने में एक युवती ने पश्चिमी दिल्ली निवासी अकरमुल हक पुत्र रफ ीक के खिलाफ 4 जनवरी 2020 को रिपोर्ट लिखाई कि वैवाहिक सोशियल साइड पर आरोपी ने वर्ष 2017 में उसे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जिसे उसने स्वीकार कर लिया । बाद में आरोपी ने उससे शादी का इजहार किया और वह 27 अगस्त 2018 को हल्द्वानी मिलने आ गया जिसके बाद वह उसे 25 जून 2019 तक हल्द्वानी व दिल्ली के कई होटलों में ले गया । जहां उसने जबरन शाररिक संबन्ध बनाये लेकिन जून 2019 में उसने पीड़िता को हल्द्वानी भेज दिया और शादी के लिये 6 माह का समय मांगा लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया जिसके बाद आरोपी को फ रवरी 2020 में गिरफतार किया गया ।

इस मामले में पुलिस जांच समेत होटलों के रिकॉर्ड आदि के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का दोषी ठहराया है जिसे अब बुधवार (आज) सजा सुनाई जाएगी। दूसरी ओर दोषी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है ।

# पगार नहीं मिलने से जल संस्थान के संविदा कर्मी गुस्से में

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ शाखा नैनीताल के कर्मचारियों ने अकटूबर माह का वेतन अब तक जारी न किए जाने को लेकर मंगलवार को कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने बताया कि अभी तक वेतन नहीं मिला है जिससे सभी संविदा कर्मियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। मुखय शाखा अध्यक्ष सहित कर्मचारियों ने विभाग से शीघ्र वेतन जारी करने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि वेतन भुगतान नहीं किया गया तो सभी संविदा कर्मी कार्य बहिष्कार पर जाएंगे जिसकी पूरी जिमेदारी विभाग और ठेकेदार की होगी। इस दौरान अध्यक्ष सीतम



बाल्मीकि,उपाध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव दयाल कांडपाल, उप सचिव शिवम बाल्मीकि, कोषाध्यक्ष कमल सिंह, संगठन मंत्री टीका राम, प्रचार मंत्री नरेश कुमार तथा कार्यलय मंत्री अनुज कुमार समेत अमर सिंह, सोनू बिष्ट, शंकर, कमल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदीप कुमार, ललित गोस्वामी, इंद्र सिंह, पंकज सिंह, भूपाल सिंह, अर्जुन कुमार, दीवान सिंह बिष्ट, शेरी राम, प्रदीप कुमार, विपिन कुमार तथा दयाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरी के जेवरात के साथ यूपी निवासी आरोपी गिरफ्तार,कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद किए। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। आरोपी यूपी के जनपद बदायूं का निवासी है और वर्तमान में प्रीत विहार कालोनी में रह रहा है। पुलिस के मुताबिक 2. नवंबर 25 को नरेश कोली पुत्र प्रसादी लाल कोली, निवासी प्रीत विहार, पंचवटी कालोनी रूद्रपुर के घर में चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी व सीओ सिटी प्रशांत कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर मनोज रतूड़ी नेतृत्व में चौकी रम्पुरा पुलिस टीम चोरी के खुलासे में जुट गई। पुलिस संदिग्धों व अपराधियों की चैकिंग कर रही। तभी पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की। पुलिस की सख्ती के बाद उसने चोरी की बात कबूल की। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात बरामद किए। पुलिस के मुताबिक आरोपी मोहम्मद यामीन घर में प्लंबर का कार्य करने गया था मौका देख चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके कब्जे से शत प्रतिशत माल की बरामद किया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

गिरफ्तार अभियुक्त- मोहम्मद यामीन जुबैरी पुत्र अजमत अली, वर्तमान पता प्रीत विहार, थाना रूद्रपुर।

स्थायी पता- सैजवान काजी मोहल्ला, मुजरिया चौकी, जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश यूपी। पुलिस टीम में एसआई प्रियांशु जोशी,एएसआई नवीन जोशी,महेन्द्र कुमार,महेश राम आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



# नैनीताल में युवती को भगाने वाला आरोपित मनाली से गिरफ्तार

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल क्षेत्र से युवती को भगाने वाले आरोपित को पुलिस ने मनाली (हिमांचल प्रदेश) से गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है वही दूसरी ओर युवती को स्वजनों के सुपुर्द किया गया है।

बता दे कि बीते 2 नवंबर (रविवार) को मल्लीताल निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा था कि सुबह से उनकी बेटी घर से गायब है। जिसके संपर्क में स्वार रामपुर का एक युवक था जो पूर्व में भी बेटी से मिलने उसके स्कूल के बाहर आया करता था। महिला ने युवक पर बेटी को बहला फुसला कर उसका अपहरण करने के आरोप लगाए थे। शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ला काशीपुर स्वार रामपुर निवासी फ ारुखी के विरुद्ध बीएनएस की धारा -87 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की।

दूसरी ओर युवती की तलाश में पुलिस टीमों ने सीसीटीवी खंगालने के साथ ही बाहरी शहरों में दंबिश दी।

मोबाइल लोकेशन व मुखबिर सूचना पर सोमवार को कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट व अन्य पुलिसकर्मियों ने आरोपित को मनाली (हिमांचल प्रदेश) से गिरफतार कर लिया जिसके साथ युवती भी बरामद हो गई। दीपक बिष्ट ने बताया कि आरोपित को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। युवती को फि लहाल स्वजनों के सुपुर्द किया गया है।

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 484वें दिन भी जारी रहा।

पौधा रोपण अभियान के 484 वें दिन नित्य की भांति अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

# दो राज्यों से निवास प्रमाण पत्र बनवाने पर सहायक शिक्षक के खिलाफ निलंबित की कार्रवाई

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

प्राथमिक शिक्षा में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का निवास प्रमाण पत्र बनवाकर सहायक अध्यापक की नौकरी करने वालों पर विभाग की गाज गिरनी शुरू हो गई है।

बीते वर्ष सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त राजकीय प्राथमिक विद्यालय नई आबादी हरसान बाजपुर के शोभित सिंह को निलंबित कर दिया गया है। फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध तेज हुई कार्रवाई से विभाग में खलबली मची हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में सहायक शिक्षकों के 309 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें बड़ी संख्या में उत्तरप्रदेश से डीएलएड किए लोगों ने आवेदन किया था। जिसमें 40 से अधिक लोगों को मेरिट और शपथ पत्र के आधार पर सहायक अध्यापक के पदों पर नियुक्त कर दिया गया। इसमें से एक शोभित सिंह की नियुक्ति जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नई आबादी हरसान बाजपुर में हुई। नियुक्ति के कुछ माह बाद ही विभाग के समक्ष शिकायत की गई कि शोभित सिंह ने फर्जी तरीके से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का स्थाई निवास प्रमाण पत्र और ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी हासिल किया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीईओ प्रारंभिक हरेंद्र कुमार मिश्र ने इसकी जांच उप शिक्षा अधिकारी बाजपुर को सौंपी। उप शिक्षा अधिकारी की जांच आख्या में पाया गया कि सहायक अध्यापक ने डीएलएड के लिए उत्तर प्रदेश और सहायक अध्यापक के लिए उत्तराखंड का स्थाई निवास प्रमाण पत्र और ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र बनवाया है। इस जांच आख्या के आधार पर डीईओ ने सोमवार को सहायक अध्यापक को निलंबित करते हुए उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय बाजपुर में संबद्ध कर दिया है।

### 40 अन्य शिक्षकों पर भी लटकी कार्रवाई की तलवार

जिले में दो प्रदेशों के फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में पहली कार्रवाई तो हो चुकी है पर ऐसे अभी 40 लोगों को चिन्हित किया गया है। शिक्षा विभाग की तरफ से सभी ऐसे लोगों को नोटिस जारी कर विभाग ने सभी को अपना पक्ष रखने के लिए जिला मुख्यालय तलब किया है। इस मामले में भी माना जा रहा है कि कई लोगों पर गाज गिरना संभव है। इससे नई नियुक्ति के अध्यापकों में खलबली मची हुई है। डीईओ हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से स्थाई निवास और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने की शिकायत के आधार पर जांच में मामला सही पाया गया था। इसके आधार पर सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। अन्य ऐसे शिक्षकों को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी की गई है।

### खुलासा

- बीते वर्ष सहायक अध्यापक पद पर हुई थी नियुक्ति , जांच में हुआ खुलासा